भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 1019
दिनांक 25.07.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

नागौर के डीडवाना-कुचामन में पासपोर्ट सेवा केंद्र

†1019. **श्री हनुमान बेनीवालः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार राजस्थान के नागौर में स्थित मौजूदा पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) को उसके कर्मचारियों और सेवाओं का विस्तार करके एक पूर्ण पासपोर्ट कार्यालय के रूप में उन्नत और विकसित करने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार का विचार नागौर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के डीडवाना-कुचामन जिला मुख्यालय में जनहित में एक पीएसके स्थापित करने का है, यदि हां, तो इसे कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र **(**पीओपीएसके**)** नागौर**,** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय**,** जयपुर की एक विस्तारित शाखा के रूप में कार्य कर रहा है। सामान्य पासपोर्ट के लिए प्रतिदिन 40 अपॉइंटमेंट जारी किए जाते हैं और 14 कार्य दिवसों में अपॉइंटमेंट उपलब्ध होता है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि पीओपीएसके नागौर पहले से ही क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय जयपुर के अधीन कार्य कर रहा है**,** सरकार इसे पासपोर्ट कार्यालय में अपग्रेड करना आवश्यक नहीं समझती है।

(ख**)** पीएसके/पीओपीएसके स्थापित करना एक सतत प्रक्रिया है और यह विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है**,** जिसमें मौजूदा पीएसके/पीओपीएसके से दूरी और किसी विशेष क्षेत्र से पासपोर्ट आवेदनों की संख्या शामिल है। विदेश मंत्रालय ने डाक विभाग के सहयोग से जनवरी 2017 में भारत के ऐसे प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में**,** जहाँ कोई पीएसके या पीओपीएसके मौजूद नहीं है**,** वहां के प्रधान डाकघरों /डाकघरों में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया था, जिसमें राजस्थान भी शामिल है। अभी तक, देश में 93 पीएसके और 450 पीओपीएसके स्थापित किए जा चुके हैं जो पासपोर्ट चाहने वालों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कार्य कर रहे हैं।

*****